तापमान

भोपाल	20.0°	33.0°
इंदौर	17.0°	32.0°
जबलपुर	21.0°	32.0°
ग्वालियर	23.0°	33.0°
सागर	21.0°	32.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 302, पृष्ठ 12)
आश्विन, कृष्ण चतुर्थी संवत् 2083
बुधवार, 30 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... सिंहस्थ की राह में सहयोग की अनूठी मिसाल

खेल... एशियन खेल 2026: भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल...

व्यापार... मेटा ने भारतीय मूल के सीजे देसाई को सौंपी एआई...

देश-विदेश... पीएम मोदी की डिग्री मामले में केजरीवाल ...

D-11126/26
स्वच्छ मध्यप्रदेश के सच्चे नायकों को धन्यवाद!
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छता ही सेवा 2026
17 सितम्बर - 17 अक्टूबर 2026
स्वच्छता में सहभाग
स्वच्छ भारत, विकसित भारत
नगरीय निकायों में सफाईमित्रों के लिए आज विशेष आयोजन
- सम्मान समारोह
- पीपीई किट व सुरक्षा उपकरण वितरण
- स्वास्थ्य जांच शिविर
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- खेल एवं अन्य प्रतियोगिताएं
स्वच्छता में उनके योगदान के लिए आभार प्रदर्शन
स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) मध्यप्रदेश | संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

प्रदेश में अग्निवीरों को 20% आरक्षण

कैबिनेट विभिन्न योजनाओं के 24,500 करोड़ व अतिथि शिक्षकों के लिए 5,329 करोड़ स्वीकृत

▸▸ प्रदेश में विकास परियोजनाओं को मिली रफ्तार, कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास और जनहित से जुड़ी योजनाओं के लिए 24,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई। बैठक में युवाओं के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल, जेल प्रहरी, वन रक्षक और आबकारी आरक्षक जैसे वर्दीधारी पदों पर अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की स्वीकृति दी गई। पुलिस आरक्षक और विशेष सशस्त्र बल में होमगार्ड को 10, भूतपूर्व सैनिक को 5 और अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जेल प्रहरी और वन रक्षक के पदों पर होमगार्ड को 15, भूतपूर्व सैनिक को 5 और अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में सिंगरौली के 605 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय के लिए 372 करोड़ 12 लाख और छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल के निर्माण के लिए 953 करोड़ 69 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। लोक स्वास्थ्य केंद्रों और औषधि नियंत्रण व्यवस्था के लिए 3,245 करोड़ 80 लाख रुपये मंजूर किए गए। अधोसंरचना के तहत 105.10 किलोमीटर लंबे दमोह-कटनी मार्ग को चार लेन बनाने के लिए 4,470 करोड़ 30 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। सिंचाई परियोजनाओं में दतिया की मां रतनगढ़ परियोजना के लिए 1,608.02 करोड़, नीमच की रामपुरा-मनासा परियोजना के लिए 524 करोड़ 65 लाख, उज्जैन की कान्ह डायवर्सन परियोजना के लिए 358 करोड़ 22 लाख और सागर की बंडा वृहद सिंचाई परियोजना के लिए 1,052 करोड़ रुपये मंजूर हुए। इसके अलावा ग्रामीण विकास निधि के लिए 3,580.22 करोड़ रुपये, विधि विभाग की 14 योजनाओं के लिए 1,342 करोड़ 48 लाख रुपये और न्यायालयों से संबंधित योजना के लिए 622 करोड़ 37 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू कल्याण विभाग के छात्रावासों और आश्रमों में रहने वालों को एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया।

अतिथि शिक्षकों की सेवाएँ बरकरार

मंत्रि-परिषद ने अतिथि शिक्षकों के मानदेय प्रदाय संबंधी योजना को आगामी 5 वर्षों 2026-27 से 2030 -31 तक निरंतर संचालन के लिए 5,329 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। प्रदेश के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में शिक्षकों के विषयमान से स्वीकृत पदों में से रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों के माध्यम से अध्यापन की व्यवस्था की जाती है। प्रदेश में वर्तमान में 76 हजार से अधिक अतिथि शिक्षक कार्यरत है। शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा एक से आठ तक के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को गणवेश की राशि देने के लिए 348 करोड़ 7 लाख रुपये मंजूर किए गए।

INDIA
PRACHI
RAMRAJ

एशियन गेम्स में भारत को छठा स्वर्ण महिला रिले टीम ने रचा इतिहास

नगोया, एजेंसीः एशियन गेम्स 2026 में भारत ने मंगलवार को महिला 4 सदस्यों की 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 3 मिनट 29.69 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या छह हो गई। महिला 4 सदस्यों की 400 मीटर रिले में मिली जीत एथलेटिक्स में भारत का पहला स्वर्ण भी रही। रिले टीम में किरण, माचेट्टीरा पूवम्मा, प्राची और वित्या रामराज शामिल थीं। गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 32.75 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। यह इन खेलों में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले वह 10 हजार मीटर और 1500 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीत चुके हैं। इस तरह वह एशियन गेम्स में तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले भारतीय पुरुष धावक बने। भारतीय टीम ने 4 सदस्यों की 400 मीटर पुरुष रिले में भी कांस्य पदक हासिल किया।

शूटिंग में नीरू धांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। वह इस स्पर्धा में एशियन गेम्स का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इससे पहले नीरू, आशिमा अहलावत और मनीषा कीर की भारतीय टीम ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। भारत ने 10वें दिन कुल आठ पदक जीते और उसकी कुल पदक संख्या 53 हो गई।

LOVED IN 100 COUNTRIES
BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
नया pulsar 125
OG, नए अवतार में. TFT के साथ.
150cc में भी
₹93 700/-* से शुरू
5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | मोनोशॉक सस्पेन्शन | बेहतरीन LED हेडलैम्प्स | 3 राइड मोड्स
प्रारंभिक ऑफ़र पल्सर राइडिंग जैकेट पाएं*
*चुनिंदा पल्सर 150 मॉडल्स पर सीमित समय के लिए ऑफ़र. नियम और शर्तें लागू.
pulsar DEFINITELY DARING
स्कैन करें
Flipkart amazon.in पर भी उपलब्ध*
10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
*नियम और शर्तें लागू। उल्लिखित ESRPs, 125 सिंगल सीट वेरिएंट के हैं. स्टंट्स विशेषज्ञों द्वारा, पेशेवर निगरानी में, नियंत्रित और बंद वातावरण में, आम जनता या सार्वजनिक सड़कों से अलग रहकर किए गए हैं. इन स्टंट्स को दोहराने का प्रयास न करें और हमेशा यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन करें. लागू ऑफ़र अलग-अलग मॉडल/राज्यों में अलग हो सकते हैं. E-कॉम ऑफ़र संबंधित E-कॉम पार्टनर के नियमों और शर्तों के अधीन हैं. E-कॉम ऑफ़र अलग-अलग पार्टनर्स के अनुसार अलग हो सकते हैं. तस्वीरें केवल उदाहरण के लिए हैं. असली रंग अलग हो सकते हैं.
Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raisen Road SURJEET BAJAJ 2590000 • Berasia Road GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • MP Nagar OM ADVANCE BAJAJ 9993377326 • Biaora YADAV BAJAJ 7987592880 • Betul Ashmit SACHIN BAJAJ 9827063930 • Chhatarpur TIKARIYA BAJAJ 248027 • Guna KK BAJAJ 7303055855• Harda SURJEET BAJAJ 9926004248 • Itarsi SMH BAJAJ 7000805580 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Raisen MOTI BAJAJ 8962448444 • Sagar: SHASHANK BAJAJ 07582-356702 • Sehore SUDERSHAN BAJAJ 8225023340/9826023340• Vidisha SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436 • Ashoknagar SAHIL BAJAJ 220590. • Vidisha SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.